संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2020

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **02 फरवरी,2020 (रविवार)** को देशभर के विभिन्न केंद्रों/ परीक्षा स्थलों पर सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2020 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों के ई-प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट (https://upsconline.nic.in) पर अपलोड कर दिए हैं। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आवंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट के साथ पहचान का प्रमाण (ई-प्रवेश पत्र में दर्शाया गया) जैसे आधार कार्ड/वोटर कार्ड/पेन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/राज्य/ केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान पत्रप्रस्तुत करना होगा।

यदि, ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट या उपलब्ध नहीं है, तो उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित **तीन (3) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक फोटो)** के साथ-साथ एक वचनबंधसाथ लाना होगा। **इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।** ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी us.cds-upsc@gov.in पर अधिकतम **27 जनवरी, 2020** तक सूचित किया जाए, जिससे कि ऐसे मामलों में आयोग निर्णय ले सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। उम्मीदवार "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेशों"को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

क्रमशः 2/-

<u>उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित परीक्षा स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

साथ ही उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस परीक्षा के लिए परीक्षा भवन में अपने साथ **<u>काला बॉल पॉइंट पेन</u>** लेकर आएं।

इस परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा आयोग को परीक्षा की तारीख से अगले सात (07) दिनों की अवधि के भीतर केवल "प्रश्नपत्र अभ्यावेदन ऑनलाइन पोर्टल"["Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"]के यूआरएल:https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त तथा उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजरया अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा स्टोरेज मीडियाजैसेपेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि अथवा कैमरा या ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरी चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई सहित भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन कर दिया जाएगा।

कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल के भीतर लाने की अनुमति नहीं हैं।

<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

नई दिल्ली-110069 दिनांक: 22 जनवरी , 2020